Need to increase the honorarium of ASHA workers in Bihar-Laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान बिहार राज्य में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं और आशा फैसिलिटेटर की समस्याओं की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ । हम सभी जानते हैं कि समाज के गरीब एवं पिछड़े इलाके के लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा योजना की शुरुआत की गई थी । जैसे कि लोगों को स्वास्थ्य सेवा संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी देना, महिलाओं को सरकारी अस्पतालों में प्रसव एवं उन्हें परिवार नियोजन के लिए प्रोत्साहित करना, बच्चों को टीकाकरण क्लीनिक में लाना तथा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने जैसे कार्य हैं । आज राष्ट्रीय स्तर पर मातृ-शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आयी है इसमें आशा कार्यकर्ताओं का योगदान भी सराहनीय रहा है । कोरोना महामारी के दौरान भी आशा कार्यकर्ताओं ने अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया है । परन्तु इसके एवज में बिहार राज्य में उन्हें सिर्फ 1 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है, जो आज की महंगाई को देखते हुये उचित नहीं है । अतः सरकार से अनुरोध है कि महंगाई को देखते हुये आशा कार्यकर्ताओं और फैसलिटेटरों के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ उन्हें स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाये ।